
SSC GD 2025
अवसर बैच
हिंदी
विशेषण
Part -2
LIVE
01-08-2024 06:15 PM

# विशेषण

(2) **संख्यावाचक विशेषण** :→ जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा व सर्वनाम संख्या का बोध हो वे शब्द संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं।

उदा दस पुरुष, बीस बकरी कुछ गाय, कुछ कलम

हजारों पुरुष

संख्यावाचक विशेषण के भेद दो होते हैं।

(1) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(2) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण।

* निश्चित संख्यावाचक विशेषण से एक निश्चित संख्या का पता चलता है।

उदा :- पचास लड़कियाँ, पचास आदमी, बीस लड़के
एक कलम, दो पुस्तक

(2) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण में निश्चित संख्या का बोध नहीं होता है।

उदा :→ हजारों व्यक्ति

लगभग दो सौ लड़कियाँ।

मेले में असंख्य लोग थे।

बहुत सारी पुस्तकें, लगभग पचास केले।

* विशेष :→ निश्चित संख्यावाचक विशेषण के भेद :→ ⑥

(1) गणना (पूर्णांक) – एक, दो, तीन, दस, हजार, दस हजार आदि।

(2) अगणनीय (अपूर्णांक) - सवा, ढाई, साढ़े तीन, डेढ़

(3) क्रमवाचक → पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पाँचवाँ आदि

④ आवृत्तिवाचक :→ दो गुना, तीन गुना, चार गुना आदि।

⑤ समूहवाचक :→ दोनों, तीनों, चारों, पाँचों आदि।

⑥ प्रत्येक बोधक :→ हर एक, प्रत्येक, एक-एक

Q. राहुल कक्षा में शुरू से तीसरा है। रेखांकित शब्द में विशेषण बताओ?

(A) गणनावाचक (B) आवृत्तिवाचक (C) समूहवाचक

(D) क्रमवाचक ✓

## (3) परिमाणवाचक विशेषण :→ जो विशेषण शब्द संज्ञा, सर्वनाम की माप(नाप)-तौल का बोध कराते हैं वे शब्द परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

उदा:→ 2 मी० कपड़ा, 10 किलो आटा, कुछ पानी
कुछ कपड़ा, थोड़ा दूध, आदि

---

* मोहन ने 2 किलो अदरक खरीदी ✓ राम ने एक दर्जन केले खरीदे

(1 दर्जन => 12 केले)

## परिमाणवाचक के दो भेद होते हैं –

* **निश्चित परिमाण** :→ 1 गिलास पानी, 2 किलो आम, 10 किलो चीनी, 2 मी० कपड़ा

आधा गिलास, 1 गिलास फूल

* **अनिश्चित परिमाण** :→ थोड़ा पानी, कुछ आटा, बहुत दूध, कुछ कपड़ा आदि।

थोड़ा फूल चाहिए (अ नि०)

✓ मुझे थोड़ा घी चाहिए। (अनिश्चित परिमाण वाचक)

④ सार्वनामिक विशेषण (संकेत वाचक विशेषण) :→ वे सर्वनाम शब्द जो किसी संज्ञा शब्द से पहले आकर उसकी विशेषता बताते हैं व उसकी ओर संकेत देते हैं सार्वनामिक विशेषण, संकेत वाचक विशेषण कहलाते हैं।

सार्वनामिक विशेषण

उदा :→ यह घर मेरा है

यह – सर्वनाम, घर – संज्ञा

, कोई बालक रो रहा है।

वह लड़का पढ़ता है। वह पुरुष, यह महिला।

Q वह कार मेरी है वाक्य में कौन-सा विशेषण है।

(A) गुणवाचक (C) परिमाणवाचक

(B) संख्यावाचक (D) सार्वनामिक विशेषण (संकेतवाचक)

---

* यह कलम मेरी है → (सार्वनामिक विशेषण) ✓ क्रिया

* यह मेरी कलम है। → (निश्चयवाचक सर्वनाम) ✓